## सार-समाचार

### अभिराज बने लेफ्टिनेंट, उदयपुर पहुंचेंगे आज होगा स्वागत

**उदयपुर, (निसं)।** लेफ्टिनेंट बने मेवाड के लाल अभिराज सिंह चौहान आज आईएमए देहरादून में रहे। उनके साथ परिजन आज देहरादून में पासिंग आउट परेड में मौजूद रहे और इस खास पल के साक्षी बने लेफ्टिनेंट पद पर पहुंचने के लिए 18 माह की कठिन परीक्षा से गुजरने के बाद यह सफलता मिली अभिराज आज रविवार को उदयपुर आएंगे। वे सर्वऋतु विलास में सगज जी बावजी के दर्शन करेंगे और वहां उनका स्वागत किया जाएगा। बाद में उनके निवास स्थान सुभाषनगर में सर्व समाज द्वारा स्वागत किया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन

**बांसवाड़ा (निसं)।** सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशाल बाइक रैली व पैदल रैली शहर स्थित नागेंद्र सिंह विधि महाविद्यालय से कुशलबाग तक निकाली गई। रैली को जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरपत सिंह सहित अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने पर जोर देते हुए कहा कि चालक हेलमेट पहनकर अपने जीवन की रक्षा स्वयं करें। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने से पूर्व हेलमेट का उपयोग करने की आदत डालें। रैली में जिला परिवहन अधिकारी पंकज शर्मा, सीओ स्काउट दीपेश शर्मा, संस्थान के पूर्व सचिव शांतिलाल सहित स्काउट के बालक बालिका और अधिकारीगण उपस्थित थे।

### हाजी मुल्ला पीर अली का इंतकाल

**उदयपुर (निसं)।** दाऊदी बोहरा समाज (बोहरा यूथ) रहनुमा हाजी मुल्ला पीर अली का शनिवार सुबह इंतकाल हो गया। उनके निधन से पूरे दाऊदी बोहरा समाज में शोक की लहर दौड गई है। हाजी मुल्ला पीर अली पिछले कई वर्षों से दाऊदी बोहरा समाज की धार्मिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुडे हुए थे। वे मुहर्रम माह की मजलिसों की सदारत एवं संचालन के साथ-साथ निकाह एवं अन्य धार्मिक रस्मों को भी अंजाम देते रहे आज सुबह उनके इंतकाल के बाद रसूलपुरा मस्जिद में नमाजे जनाजा अदा की गई, जिसके बाद खांजीपीर स्थित बोहरा कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में समाज के बडी संख्या में लोगों ने शिरकत की। समाजजनों ने अपने-अपने दुकान व व्यवसाय बंद रखकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। खांजीपीर स्थित बोहरा कब्रिस्तान में आयोजित शोक सभा में समाज के वरिष्ठ नेता आबिद हुसैन अदीब, सेंट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा कम्युनिटी के चेयरपर्सन कमांडर मंसूर अली बोहरा,दाऊदी बोहरा जमात के सचिव फिरोज हुसैन टीन वाला, बोहरा यूथ के सचिव यूसुफ आर.जी. ने शोक व्यक्त करते हुए मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की।

### उपखंड प्रशासन के प्रयासों से दिव्यांग बालक के चेहरे पर छाई खुशी

**बांसवाड़ा,( निसं )।** ग्राम पंचायत जगपुरा के महेन्द्र पुत्र रामा उम्र 8 वर्ष का शारीरिक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नहीं होने से उसकी पढ़ाई छूटने तथा पेंशन, ट्राई साइकिल नहीं मिलने की जानकारी प्राप्त होने पर उपखंड अधिकारी घाटोल ने तत्परता से विकास अधिकारी एवं चिकित्सा विभाग को निर्देशित कर हाथो-हाथ ऑनलाइन दिव्यांगता पत्र बनवाया। यह प्रमाण-पत्र बनने के बाद महेन्द्र को न केवल प्रतिमा पेंशन का लाभ मिलेगा बल्कि ट्राई साइकिल तथा उसके इलाज का वहन भी हो सकेगा। साथ ही वह नियमित रूप में पुन: विद्यालय में जाकर शिक्षा प्राप्त करेगा।

### एलईडी मोबाइल वैन जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**निंबाहेड़ा( निसं )।** विधानसभा क्षेत्र में एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु शनिवार को उपखंड क्षेत्र के लसडावन गांव में समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी रहे। विधायक कृपलानी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर एलईडी मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में प्रदेश में अनेक महत्वपूर्ण एवं जन-कल्याणकारी कार्य किए गए हैं। सरकार ने कम समय में ही सुशासन, पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित किए हैं तथा आगे भी विकास कार्यों का रथ निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन से जुडे सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों के हित में लिए गए निर्णयों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि शीघ्र ही किसानों को दिन में भी सौर ऊर्जा आधारित बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे कृषि को नई दिशा मिलेगी। विधायक कृपलानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की भी सराहना की और कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से राज्य एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी।

### हादसे में बाइक चालक की मौत

**उदयपुर,( निसं )।** ऋषभदेव थाना क्षेत्र में हुए सडक हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को पीपली अ निवासी प्रकाश पुत्र रामाजी बाइक लेकर पीपली बी जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे बाईक से भिडंत हो गई। हादसे में घायल होने पर परिजन उसे ऋषभदेव चिकित्सालय प्राथमिक उपचार करा घर ले गए। जहां दूसरे दिन तबीयत खराब होने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल शंकर ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### एनसीसी कैंप में कैडेट्स ने सीखा शस्त्र संचालन व अनुशासन

**भीण्डर( निसं )।** भीण्डर स्थित द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ये शिविर 2 राज आर एंड वी रेजिमेंट एनसीसी नवानिया के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें कॉलेज के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तीन दिवसीय शिविर के दौरान कैडेट्स को बेसिक ड्रिल, एनसीसी की संरचना व कार्यप्रणाली, राइफल को खोलने व बंद करने की विधि, सलामी शस्त्र तथा विभिन्न अनुशासनात्मक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट दक्षा चौबीसा ने बताया कि नवानिया रेजिमेंट से आए पीआई स्टाफ दारसिंह द्वारा तीनों वर्षों के कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कैडेट्स को शस्त्र संचालन की बारीकियों के साथ-साथ एनसीसी के मूल उद्देश्यों एवं सैन्य अनुशासन की जानकारी भी दी। शिविर के अंतिम दिन एसआरएम ग्रुप के निदेशक हिम्मतसिंह झाला कॉलेज पहुंचे और कैडेट्स को संबोधित किया।

### यातायात नियमों की पालन को लेकर शपथ दिलाकर किया जागरूक

**भीम( निसं ) ।** राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत शनिवार को पंचायत समिति कार्यालय परिसर में विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया ने आमजन को शपथ दिलाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया ने बताया कि राजसमंद जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक राकेश वर्मा उपखंड अधिकारी विकास शर्मा के सुपरविजन में भीम उपखंड प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों की जागरूकता बढ़ाना एवं नागरिकों में ट्रैफिक अनुशासन की भावना जगाने को लेकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

# खाद को लेकर कोई कालाबाजारी नहीं हुई, डिमांड बढ़ने से व्यवस्था बिगड़ी : प्रभारी मंत्री

- उदयपुर में प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा ने गिनाई राज्य सरकार की उपलब्धियां
- कहा-हमारा विरोध करते-करते देश का विरोध कर रही कांग्रेस

**उदयपुर (का.स.)।** उदयपुर के प्रभारी मंत्री और राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने खाद को लेकर चल रही कालाबाजारी को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि एक साथ डिमांड बढने से व्यवस्था बिगडी है और अब जल्द सुधार हो जाएगा।साथ ही कांग्रेस पर बडा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस हमारे विरोध के साथ ही देश का विरोध भी करने लगी है। उदयपुर में प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा शनिवार को यहाँ मीडिया से बातचीत के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में दो सालों में हुए विकास कार्यों को लेकर अपनी बात रखी।भजनलाल सरकार के दो साल पूरे होने पर मंत्री हेमंत मीणा ने उदयपुर संभाग में हुए विकास कार्यों के आंकडे भी पेश किए। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में उदयपुर और सलूंबर जिले की कई मांगे भी पूरी होगी।

इस मौके पर राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी सरकार के 2 साल में हर वर्ग को पूरा ध्यान रखा। विकास को प्राथमिकता बनाकर उन्होंने गांव-गांव तक पहुंचने में कोई कमी नहीं रखी है। प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि सरकार के संकल्प पत्र में लिए गए 392 संकल्पों में से 274 संकल्प पूर्ण या प्रगतिरत हैं। अर्थात् जिन कार्यों को पांच वर्षों में पूरा करने का वादा किया गया था उनमें से करीब 70 प्रतिशत कार्य महज 2 वर्षों में ही पूरे कर लिए गए हैं। बजट घोषणाओं में भी 73 प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण अथवा प्रगतिरत हैं। उन्होंने कहा कि यह 2 साल केवल उपलब्धियों के नहीं बल्कि समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राजस्थान की मजबूत नींव रखने के साल हैं। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर को पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया गया जिसमें देश-विदेश के उद्योगपतियों और प्रवासी राजस्थानियों ने भाग लिया। प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग नीति और प्रवासी मामलात विभाग का गठन किया गया है। राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है जिससे निजी क्षेत्र में ढाई लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। पत्रकारवार्ता में उदयपुर जिले की उपलब्धियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने कांग्रेस नेता पवन खेडा के बयान पर कहा कि कांग्रेस हमारा विरोध करते.करते अब देश का विरोध करने लग गई है। जो पार्टी एक समय पूरे देश में छाते की तरह छाई हुई थी। जनता के मुद्दों पर काम नहीं करने से उनकी स्थिति दयनीय हो गई है।

पत्रकारवार्ता के दौरान राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासियाए उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, गोगुंदा विधायक प्रताप गमेती, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपालसिंह,देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने भीम ब्लॉक का किया निरीक्षण

**भीम( निसं )।** राजसमंद मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वरलाल बाल्दी ने शनिवार को भीम ब्लॉक में विभिन्न विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बली जस्साखेड़ा में बोर्ड की कक्षाओं का मूल्यांकन कर गणित विषय में अतिरिक्त कक्षा लगाकर परीक्षा परिणाम हेतु निर्देशित किया गया। ।विद्यार्थियों को पढ़ाई की गंभीरता के साथ उनके कैरियर के बारे बताया। जीवन में त्याग एवं खेल का महत्व बताया । साथ ही 4 बजे राष्ट्रगान से विद्यालय का समापन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य भोमाराम वर्मा शारीरिक शिक्षक गोविंद प्रसाद पंडायत ,कैलाश चंद सांखला , सीमा कुमारी ,पुष्पा चौहान जय कुमार जाटोलिया उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत अमलावद में विकास रथ का हुआ भव्य स्वागत

**प्रतापगढ़, (निसं)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सहित जिले की दोनों विधानसभा में संचालित किए जा रहे विकास रथों का ग्राम पंचायत अमलावद, पंचायत समिति प्रतापगढ़ में ग्रामजन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विकास रथों के ग्राम में पहुंचते ही ग्रामीणों में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि विकास रथों के माध्यम से राज्य सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों, फ्लेगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी ऑडियो-वीडियो माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जा रही है ।

### नाटक 'मेरा भी एक घर हो' का मंचन आज

**उदयपुर, (निसं)।** भारतीय लोक कला मण्डल में गुजरात के पूर्वी सेवा ट्रस्ट, अहमदाबाद द्वारा नाटक मेरा भी एक घर हो' का मंचन रविवार को होगा।

भारतीय लोक कला मण्डल के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि नाटक मेरा भी एक घर हो का लेखन भरत पंचौली द्वारा तथा निर्देशन लव रावत द्वारा किया गया है। यह नाटक एक सामान्य परिवार की कहानी है, जिसमें जीवन-यापन के दौरान आने वाली सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं के साथ-साथ उनके कारण उत्पन्न होने वाले अशांतिपूर्ण वातावरण, पारिवारिक प्रेम, स्नेह एवं ममत्व को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया है। नाटक का मंचन भारतीय लोक कला मण्डल के गोविन्द कठपुतली प्रेक्षालय में दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

# पीएमसीएच में यूरेथ्रोप्लास्टी पर लाइव वर्कशॉप का आयोजन

- इस वर्कशॉप की विशेषता यह रही कि इसमें दुनिया भर में प्रचलित नवीनतम रीकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी तकनीकों को लाइव डेमो के माध्यम से दिखाया गया

**उदयपुर, ( निसं )।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर के यूरोलॉजी विभाग की ओर यूरेथ्रोप्लास्टी विषय पर एक दिवसीय 'लाइव वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। आधुनिक यूरोलॉजी की जटिल सर्जरी तकनीकों पर आधारित इस कार्यक्रम में संभाग के विभिन्न हिस्सों से आए यूरोलॉजिस्ट और पीजी स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

वर्कशॉप का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे पीएमसीएच के ओटी कॉम्प्लेक्स में हुआ, इस वर्कशॉप की विशेषता यह रही कि इसमें दुनिया भर में प्रचलित नवीनतम रीकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी तकनीकों को लाइव डेमो के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किए गए यूरोकुल हॉस्पिटल, पुणे के प्रख्यात रीकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजिस्ट डॉ.पंकज जोशी ने यूरेथ्रल स्ट्रिक्चर, जटिल यूरेथ्रल इंजरीज तथा उनके उपचार में उपयोग होने वाली विभिन्न सर्जिकल पद्धतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने ओपन यूरेथ्रोप्लास्टी, सब्स्टीट्यूशन यूरेथ्रोप्लास्टी, ऑरलक म्यूकोसा ग्राफ्ट तकनीक, पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रिक्चर मैनेजमेंट जैसी अत्याधुनिक प्रक्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया। डॉ.जोशी ने ऑपरेशन के प्रत्येक चरण में एनाटॉमिकल समझ, सटीक कटिंग-एप्रोच और ग्राफ्टिंग के महत्व पर विशेष जोर दिया।

वर्कशॉप के आयोजन सचिव एवं उदयपुर यूरोलॉजिकल सोसाइटी सचिव डॉ.हनुवंत सिंह राठौड ,डॉ.क्षितिज रांका, डॉ.हार्दिक पटेल एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन सचिव डॉ.हनुवंत सिंह राठौड ने बताया कि इस प्रकार की वैज्ञानिक गतिविधियाँ नई पीढ़ी के डॉक्टरों को जटिल यूरोलॉजिकल सर्जरी में दक्ष बनाने में अत्यंत सहायक होती हैं।

### जिला कलेक्टर ने क्षेत्र में खुशियाली की कामना की

**कपासन( निसं )।** जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने भगवान श्री शनि महाराज आली मन्दिर पहुंच कर भगवान श्री शनि देव जी दर्शन किया । क्षेत्र में खुशियाली की कामना की इस अवसर पर प्रबंध कमेटी की ओर से स्वागत किया गया। शनिवार को चितोडगढ जिला कलेक्टर आलोक रंजन प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनि महाराज आली मन्दिर पहुंचे । वहां पर भगवान श्री शनि देव जी की धार्मिक अनुष्ठान के साथ पुजा अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली कामना किया। इस अवसर पर श्री शनि देव प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह , उपाध्यक्ष रुपलाल गाडरी ,सचिव कालू सिंह प्रशासक प्रतिनिधि प्रकाश जाट सहित आदि सदस्यों ने जिला कलेक्टर आलोक रंजन व तहसीलदार नासिर बैग मिर्जा का भगवान श्री शनि देव जी की प्रतिमा तस्वीर भेंटकर उपरना पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं क्रेता श्रीमति निर्मला देवी w/o श्री महावीर कुमार निवासी 1-ज-24 हिरण मगरी से.न.5, उदयपुर (राज.) अपने स्वामित्व के आवासीय मकान संख्या 1-ज-24 हिरणमगरी से.न.5 उदयपुर हाऊसिंग बोर्ड का मकान सं. 1-ज-24 जिसका क्षैत्रफल 18x35 फीट उक्त मकान के असल दस्तावेज आवंटन पत्र क्रमांक 1260 दिनांक 26.2.80 एवं कब्जा पत्र/हैण्डिंग ओवर क्रमांक 4276 दिनांक 27.5.80 जो कि नारायण लाल पुत्र श्री देवीलाल सालवी के नाम से थे जो असल पत्र थे जो कि फोटोकॉपी करवाने से.नं. 4, उदयपुर जाते समय कहीं गुम हो गये थे ऑनलाईन गुमशुदगी रिपोर्ट आज दिनांक 30.7.25 को दर्ज करा दी है एवं जिसका एल.आर. नम्बर 2847298/25 है। उक्त असल आवंटन-पत्र, कब्जा पत्र एवं हैण्डिंग ओवर टेकन ओवर आज दिनांक को किसी आमजन के पास रखी है तो मुझ प्रार्थीयां को नीचे लिखे पते पर सुचित कर सुपुर्द करें।

स्थान: उदयपुर
निर्मला देवी w/o महावीर कुमार
1-ज-24 हिरणमगरी से.न.5,
उदयपुर Mob.: 9799777523


### सिरोही जिला अस्पताल की टीम ने किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा,( निसं )।** कायाकल्प योजना के तहत जिला चिकित्सालय बांसवाड़ा में पियर असेसमेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य स्तर से आए आकलनकर्ताओं की टीम ने अस्पताल में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, मरीज सुविधाओं एवं सेवा गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया। पियर असेसमेंट के दौरान अस्पताल के विभिन्न वार्ड, ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, लैब, फार्मेसी, स्टोर रूम एवं अन्य सभी सुविधाओं का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हैंड हाइजीन, पर्यावरणीय स्वच्छता, मरीज संतुष्टि एवं रिकॉर्ड संधारण से संबंधित बिंदुओं का मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण दल ने अस्पताल प्रशासन द्वारा किए गए सुधारात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय बांसवाड़ा ने कायाकल्प के मानकों की दिशा में सराहनीय प्रगति की है। टीम द्वारा आवश्यक सुझाव भी दिए गए ताकि आगामी अंतिम मूल्यांकन में और बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इस अवसर पर कार्यवाहक पी एम ओ डॉ योगेश जोशी, उप नियंत्रक डॉ दामोदर गोयल, नर्सिंग अधीक्षक आशीष अधिकारी, सहायक नर्सिंग अधीक्षक अनिल जोशी, अस्पताल प्रशासक डॉ वनीता त्रिवेदी, नर्सिंग ट्यूटर मयंक पंड्या, केयर टेकर सिद्धार्थ पंड्या सहित सभी चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान मोबाइल एलईडी रथ का स्वागत

- केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का जिम्मा कार्यकर्ताओं का - गजपाल सिंह

**उदयपुर ( निसं )।** प्रदेश सरकार के सफलतम दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने एवं सरकार द्वारा किये गये कार्यो एवं योजनाओं को आमज तक पहुंचाने के उद्देश्य से बढता राजस्थान - हमारा राजस्थान मोबाइल एलईडी रथ के बोहरा गणेश मंदिर में पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी शहर जिला की ओर से भव्य स्वागत किया गया। यह रथ 15 दिनों तक उदयपुर विधासभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में रहेगा और आज जन को दो वर्ष में किए गए कार्यो का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करेगा।

बोहरा गणेश मंदिर से रथ का शुभारंभ भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, संगठन प्रभारी हरीश पाटीदार , सह प्रभारी सम्पत सांखला, प्रमोद सामर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अलका मुंदडा, पुर्व जिलाध्यक्ष मांगीलाल जोशी, महामंत्री पारस सिंघवी, देवीलाल सालवी, डॉ. पंकज बोराणा ने झण्डी दिखा कर रवाना किया। प्रभारी करण सिंह शक्तावत ने बताया कि शनिवार को शहर के हिरणमंगरी के विभिन्न क्षेत्रों में आमजन को सरकार द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी दी गई। इसको लेकर आमजन में काफी उत्साह का माहौल देखा गया।

इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि रथ के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जायेगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने आमजन के लिए अनेक लाभकारी योजनाए जारी की है इसका लाभ हर व्यक्ति को मिले इसका जिम्मा पार्टी कार्यकर्ताओं का है। सरकार द्वारा संकल्प पत्र में किए गये गए 70 प्रतिशत वादों को दो वर्ष में पुरे कर दिए है। वेन में आमजन की कोई समस्या या आगामी बजट को लेकर कोई सुझाव हो तो वे भी वेन में लगी सुझाव पेटी के माध्यम से दे सकते है।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/1959 **आम सूचना** दिनांक : 13/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती निशा जैन पत्नी श्री भरत कुमार जैन | सवीना खेडा | 674/2, 674/3, 674/4, 674/5, 674/6 | 05 | 4000.00 वर्गफीट | सविना से सी. ए. सर्कल जाने वाली 100 फीट सडक पर केपिटल टावर के सामने नायरा पेट्रोल पम्प के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/1958 **आम सूचना** दिनांक : 13/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शशी माखीजा पत्नी श्री परसराम माखीजा एवं श्रीमती कोमल माखीजा उर्फ श्रीमती साक्षी माखीजा पत्नी श्री तारिक माखीजा | मीरा नगर भुवाणा आवासीय योजना (फेज-II) | ब्लॉक-बी | 03 | 3486.24 वर्गफीट | शोभागपुरा चौराहे से भुवाणा-प्रताप नगर बाईपास को जाने वाली 100 फीट सड़क पर रॉयल टच होटल के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में ऑटो रिक्शा जागरूकता रैली का आयोजन

- सूचना केंद्र से दिल्ली गेट तक शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी रैली, दिया जागरूकता का संदेश

**उदयपुर, ( निसं )।** वर्तमान राज्य सरकार के सफल 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिले में आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (11 से 26 दिसंबर) के अंतर्गत शनिवार को शहर में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली सूचना केंद्र से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दिल्ली गेट पर संपन्न हुई। इस विशेष वाहन रैली में अधिकांश ऑटो रिक्शा शामिल रहे, रैली के माध्यम से आमजन को सड़क रू सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया। जागरूकता रैली को जिले के प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, गोगुन्दा विधायक प्रताप गमेती, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरामानी, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञान देव विश्वकर्मा, यातायात पुलिस उपाधीक्षक अशोक आंजना, आधार फाउंडेशन के सीईओ नारायण चौधरी, गजपाल सिंह राठौड़ सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात पुलिस उपाधीक्षक अशोक आंजना ने जानकारी दी कि शहर में ऑटो रिक्शा पर पहचान एवं जागरूकता स्टीकर लगाने की भी मुहिम निरंतर जारी है।

इससे पर्यटकों एवं आम नागरिकों को काफी लाभ हुआ है। यदि किसी यात्री को किसी ऑटो चालक से असुविधा होती है, या किसी कारणवश ऑटो में सामान भूल जाता है, तो स्टीकर पर अंकित ऑटो नंबर एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से तुरंत संपर्क किया जा सकता है।

# ढोल बजा कर 70 गांवो के ग्रामीणों ने उड़ाई प्रशासन की नींद

- शहर की चारों दिशाओं में ढोल बजाकर किया प्रदर्शन
- 16 दिसंबर को कलेक्ट्रेट पर करेंगे हल्लाबोल

**उदयपुर,( का.स. )।** उदयपुर विकास प्राधिकरण की पैराफेरी की पंचायतों और उदयपुर नगर निगम में शामिल गांवों में पट्टों की मांग को लेकर जारी आंदोलन के तहत शनिवार को उदयपुर शहर की चारों दिशाओं में ढोल बजाए गए।ग्रामीणों ने ढोल की थाप पर अपना विरोध और आक्रोश जताया। ये आंदोलन पैराफेरी पंचायत जिला संघर्ष समिति के आ ान पर सर्व समाज की ओर से किया जा रहा है। शनिवार सुबह 11 बजे से शाहर के चारों प्रमुख प्रवेश द्वारों पर ढोल बजाकर और टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। भुवाणा चौराहा पर आसपास की पंचायतों के लोगों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए अपना हक मांगा।उदयपुर शहर के चारों दिशाओं में प्रमुख प्रवेश द्वारों पर प्रदर्शन किया। पूर्व में देबारी ब्रिज हनुमान चौराहा, पश्चिम में रामपुरा चौराहा,उत्तर में भुवाणा चौराहा और दक्षिण में बलीचा में प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों की प्रमुख मांगो में पंचायतें जो यूडीए या नगर निगम में आ गई वहां पट्टों समेत कई मांगों का समाधान निकालने।यूडीए पैराफेरी पंचायतों की 31 दिसंबर 2024 तक आबादी वाली जमीन संबंधित पंचायत को आबादी के उपयोग के लिए सौंपी जाने ।बिना नोटिस तोडे गए गरीबों के मकानों का मुआवजा तुरंत देने और भविष्य में किसी का आशियाना बिना सुनवाई नहीं तोडने । पहाडी भूभाग वाले नए पैराफेरी गांवों को बाहर निकाला जाए। यूडीए पैराफेरी में शामिल 70 नए गांवों की आबादी वाली बिलानाम और चरागाह भूमि संबंधित पंचायतों को ही दी जाए आदि अशमिल है । मांगें नहीं मानने पर 16 दिसंबर को 205 गांवों के लोग उदयपुर में कलेक्ट्रेट पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे।


**रिद्धि-सिद्धि क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड उदयपुर**

1210, कनक हॉस्पीटल के पास हिरणमगरी सेक्टर 3, उदयपुर ( राज. )

**वार्षिक आमसभा की सूचना**

रिद्धि-सिद्धि क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.12.2025 गुरूवार को सोसायटी की वार्षिक आमसभा सायं 5.30 बजे मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवरसिटी अथिति सभागार में आयोजित होगी। जिसमें विचारणीय मुख्य बिन्दु निम्नांकित होंगे।

1. वर्ष 2024 एवं 2025 की ऑडिट रिपोर्ट व वार्षिक रिपोर्ट की अनुपालना।
2. कार्यकारिणी की मासिक बैठक में लिये गए निर्णयों व प्रस्तावों की अनुपालना।
3. वर्ष 2024 व 2025 की ऑडिट के आक्षेपों की अनुपालना के सम्बंध में।
4. वर्ष 2025-26 की ऑडिट के लिए ऑडिटर की नियुक्ति।
5. सोसायटी के वर्तमान ऋण एवं जमा योजनाओं पर विचार।
6. अन्य विचारणीय बिन्दु अध्यक्ष/सचिव की सहमति से।